रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

प्रेस विज्ञप्ति

20-Dec-22

रेलटेल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट के लिए साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स (एसएएफए) पुरस्कार जीता।

इस तरह के पुरस्कार कॉर्पोरेट शासन प्रणाली में सर्वोत्तम मानकों और प्रथाओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और ये निवेशकों सहित सभी हितधारकों के विश्वास को बढ़ाएंगे। :-श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल.

****

रेल मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न पीएसयू, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स (एसएएफए) द्वारा स्थापित वर्ष 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट (बीपीए) पुरस्कार मिला है। रेलटेल की वार्षिक रिपोर्ट ने 'इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर' श्रेणी में "सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट" जीता।

"सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट" के लिए एसएएफए बीपीए पुरस्कार को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। और यह अवार्ड इस दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उन संगठनों के लिए साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स की तरफ से मान्यता का प्रतीक है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के अनुसार उच्च गुणवत्ता, प्रासंगिक, विश्वसनीय और उद्देश्यपूर्ण वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति और प्रकटीकरण में उत्कृष्टता हासिल की है।

पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसंबर, 2022 को काठमांडू में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ नेपाल (आईसीएएन) द्वारा आयोजित किया गया था।

रेलटेल टीम ने अपने निदेशक (वित्त), श्री वी. राम मनोहर राव के नेतृत्व में कंपनी की की तरफ से नेपाल सरकार के महालेखा परीक्षक श्री तंका मणि शर्मा दंगल से पुरस्कार प्राप्त किया। रेलटेल टीम के अन्य सदस्यों में श्री एच.सी. बत्रा, ईडी/वित्त और श्रीमती मधुलिका, महाप्रबंधक/वित्त शामिल थे।

विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कार दक्षिण एशियाई देशों से प्रविष्टियों की प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और शासन में सुधार के लिए साफा की समिति द्वारा प्रशासित मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किए जाते हैं।

साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स (एसएएफए) का गठन वर्ष 1984 में दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अकाउंटेंसी पेशे की सेवा करने और अकाउंटेंसी की दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए किया गया था। साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स दक्षिण एशियाई देशों में राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंसी और लागत और प्रबंधन लेखा संस्थानों में सदस्यता रखने वाले 375,000 से अधिक एकाउंटेंट का प्रतिनिधित्व करता है। साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स विभिन्न श्रेणियों में वर्ष 1997 से सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कारों का आयोजन कर रहा है।

इस उपलब्धि के बारे में रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा ‘‘हमारा हमेशा यह प्रयास रहा है कि वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से हितधारकों को पूर्ण पारदर्शिता, सटीकता और उत्तरदायित्व के साथ व्यापक जानकारी सर्वोत्तम तरीके से प्रस्तुत की जाए। इससे पहले मेरी कंपनी को सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस तरह के पुरस्कार कॉर्पोरेट शासन प्रणाली में सर्वोत्तम मानकों और प्रथाओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और इससे निवेशकों सहित सभी हितधारकों का विश्वास बढ़ेगा।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:
sucharita@railtelindia.com